तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	राजूराम विश्नोई बनाम **लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी)** सू.अ. अपील संख्या 10/2024	
24/04/2024	अपीलार्थी राजूराम विश्नोई निवासी 564ए मंगल नगर, गुढा विश्नोईयान, तहसील लूणी, जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 20.12.2023 में मोडी जोशियां पटवारी द्वारा 4 दिसम्बर 2023को स्वयं की शादी अवकाश हेतु दिये गये प्रार्थना पत्र व स्वीकृति आदेश की प्रमाणित प्रतियां व अन्य बिन्दु से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार लूणी) ने जरिये पत्रांक 48 दिनांक 05.04.2024 द्वारा बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई जरिये पत्रांक भू.अ./024/15 दिनांक 12.02.2024 द्वारा प्रेषित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:25:54 IST
Reason: SelfAttested